NEWS RELEASE

Ministry of Health and Long-Term Care

ओंटेरियो द्वारा रोगी की पहुंच तथा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कानून प्रस्तावित

पेशेंट्स फर्स्ट कानून स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में कार्य की योजना पूरा करेगा

समाचार जून 2, 2016

ओंटेरियो ने आज एक नए कानून की प्रस्तावना की है जो, यदि पारित हो जाता है, रोगियों तथा उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच को अधिक तेज़ तथा बेहतर बना कर तथा उन्हें एक वास्तव में एकीकृत स्वास्थ्य व्यवस्था का केंद्र बनाकर स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक उनकी पहुंच को बेहतर बनाएगा।

पेशेंट्स फर्स्ट कानून ओंटेरियो के 14 स्थानीय स्वास्थ्य एकीकरण नैटवर्को (LHINs) की भूमिका को विस्तृत करेगा जिसमें प्रारंभिक देखभाल तथा घर पर मिलने वाली एवं सामुदायिक देखभाल भी शामिल हैं। इससे प्रमुख सेवाओं की योजनाबंदी तथा डिलीवरी को सुधारने तथा एकीकृत करने, तथा कार्यकुशलता बढ़ाकर वर्तमान व्यवस्था में रोगियों की देखभाल के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

व्यवस्था के स्तर पर परिवर्तनों का अर्थ होगा देखभाल तक ज्यादा आसान पहुंच, देखभाल का बेहतर समन्वय तथा निरंतरता तथा सभ्याचार तथा भाषा की दृष्टि से उपयुक्त सेवाएं। इन परिवर्तनों से कार्य योजना को निम्न तरीकों से सहायता मिलेगी:

- रोगियों की प्रारंभिक सेवाओं तक पहुंच में सुधार - जैसे, घर के नज़दीक नए पारिवारिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता का पता लगाने के लिए उन्हें केवल एक नंबर पर कॉल करना पड़ेगा।
- रोगी के लिए एक अधिक न्यायसंगत पहुंच तथा ज्यादा हमवार अनुभव सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय संबंधों तथा प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल, अस्पतालों, घरेलू तथा सामुदायिक देखभाल के बीच संचार को बेहतर बनाना।
- स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को इस योग्य बनाकर कि वे अपनी स्वास्थ्य देखभाल योजनाएं साझा तथा अपडेट करें, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को अपनी कहानी केवल एक बार सुनानी पड़े।
- डाक्टरों, नर्सों तथा अन्य प्राथमिक देखभाल प्रदाताओ के लिए अपने रोगियों को उनके लिए आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल के साथ जोड़ना ज्यादा आसान बनाना।
- रोगियों के लिए गंभीर, प्राथमिक, घरेलू तथा सामुदायिक, मानसिक स्वास्थ्य तथा बुरी आदतों तथा लंबे समय की देखभाल के बीच पारगमन अधिक सुगम बनाना।
- पूरे प्रांत में घरेलू तथा सामुदायिक देखभाल को एक समान बनाने के लिए सुधार करना ताकि लोगों को पता हो कि उनकी अपेक्षाएं क्या होनी चाहिएं तथा उन्हें प्रांत के किसी भी भाग में अच्छी सेवाएं मिलें।
- किये जा रहे कार्य के ऊपर निगरानी करके स्वास्थ्य संबंधी योजनाबंदी तथा जवाबदेही को ज्यादा मज़बूत बनाना।
- LHINs तथा स्थानीय स्वास्थ्य बोर्डों के बीच एक औपचारिक संबंध स्थापित करके यह सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य व्यवस्था योजनाबंदी में जन स्वास्थ्य की आवाज़ भी सुनी जाए।
- स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल को सुगम बनाना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फैसले उन लोगों द्वारा लिए जाएं जो अपने समुदायों की ज़रूरतों को सबसे अच्छी तरह समझते हों तथा LHIN बोर्ड उन समुदायों का प्रतिनिधित्व करें जिनकी वे सेवा करते हैं।

यह नया कानून स्वास्थ्य देखभाल के लिए पेशेंट्स फर्स्ट कार्य योजना Patients First: Action Plan for Health Care का समर्थन करेगा जो ओंटेरियो में स्वास्थ्य देखभाल के परिवर्तन का खाका है तथा जिसमें घरेलू तथा सामुदायिक देखभाल की उपलब्धता को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हर ओंटेरियो वासी को प्रारंभिक देखभाल प्रदाता उपलब्ध हो।

ओंटेरियो फर्स्ट नेशन्स, मेटिस, इनुइट तथा शहरी मूलवासी साझेदारों तथा स्वास्थ्य प्रदाताओं के साथ इकट्ठे मिल कर काम करना जारी रखेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी आवाज़, विशेष तौर पर उनकी विशिष्ट ज़रूरतों के अनुसार सेवाओं की न्यायसंगत उपलब्धता के मामले में, सुनी जाए।

संवेदनशील तथा परिवर्तनकारी तबदीलियां लाने के लिए आवश्यक कार्यों की इकठ्ठे मिलकर पहचान करने वाली समानांतर प्रक्रियाओं के ज़रिए ओंटेरियो अपने मूलवासी साझेदारों के साथ अर्थपूर्ण सहयोग करने की अपनी वचनबद्धता को निभाएगा। ओंटेरियो यह भी सुनिश्चित करेगा कि किसी भी प्रस्तावित परिवर्तन का वर्तमान या भविष्य की देखभाल तक पहुंच पर कोई खराब असर न हो।

पेशेंट्स फर्स्ट कानून बेहतर ओंटेरियो बनाने की दिशा में सरकार का एक और कदम है जिसमें रोगियों को अधिक तेज़ी से सही देखभाल, बेहतर घरेलू तथा सामुदायिक देखभाल, और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने वाली तथा आगे आने वाली कई पीढ़ियों के लिए स्थिर स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था बनायी जाएगी।

कथन

"ओंटेरियो एक ऐसी स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था बनाने के लिए वचनबद्ध है जिसमें रोगी सचमुच सबसे अधिक महत्वपूर्ण हों। इसका अर्थ है रोगियों को प्रारंभिक देखभाल ज्यादा जल्दी मिलना, चाहे वे कहीं भी रहते हों, तथा एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण जो कई पीढियों तक चल सके। हज़ारों ओंटेरियो वासियों के बहुमूल्य सुझावों के फलस्वरूप ही यह महत्वपूर्ण कानून तैयार हो सका है। इकठ्ठे मिलकर हम ओंटेरियो की स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में सुधार लाना जारी रखेंगे ताकि वह संसार की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं में से एक बनी रहे।"
--डा. एरिक हॉस्किन्स, स्वास्थ्य तथा दीर्घ-कालीन देखभाल मंत्री

"जब हम या हमारे नज़दीकी लोग बीमार पड़ते है तो हम चाहते हैं कि हम अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर भरोसा कर सकें और उचित स्तर की सेवा तक कुशलतापूर्वक तथा बिना कठिनाई पहुंच सकें। एक पारिवारिक डाक्टर के तौर पर मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि ओंटेरियो सरकार एक ऐसा कानून ला रही है जो प्रारंभिक देखभाल के क्षेत्र में काम करने वाले हम सभी लोगों की मदद करेगा और हम एक ऐसी एकीकृत व्यवस्था में काम करेंगे जिसमें रोगियों को फायदा होगा।"
-- डा. डेविड प्राइस, "रोगी देखभाल समूह। ओंटेरियो के लिए जनसंख्या आधारित प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल का एक नया मॉडल " के सह--लेखक

" पेशेंट्स फर्स्ट कानून में, न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को सुनिश्चित करना अनिवार्य है जो इस कानूनी ढांचे को ऐसी निर्णायक परिवर्तन की ओर अग्रसर करता है जिसमें ओंटेरियो की स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के भीतर लोगों तथा समुदायों का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होगा।"
-- एड्रिआना टैटली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ओंटेरियो स्वास्थ्य केंद्र संघ

कुछ तथ्य

- ओंटेरियो हर वर्ष 700 और डाक्टरों की नेट वृद्धि की योजना बना रहा है।
- ओंटेरियो के 94 प्रतिशत वासियों के पास इस समय प्रांरभिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता हैं। पेशेंट्स फर्स्ट: स्वास्थ्य देखभाल के लिए कार्य योजना के काम के ज़रिए ओंटेरियो हर इच्छुक वासी को किसी पारिवारिक डाक्टर या नर्स के साथ जोड़ने के लिए वचनबद्ध है।
- 2015 में ओंटेरियो में नर्स प्रेक्टिशनरों की संख्या मेँ 205 की नैट वृद्धि हुई है।
- पिछले दशक के मुकाबले, घरेलू तथा सामाजिक देखभाल के लिए निवेश में 90 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है।
- मंत्रालय ने प्रस्तावित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के बारे में पूरे प्रांत के विभिन्न भागों के 6000 से अधिक व्यक्तियों तथा संस्थाओं के साथ सलाह मशवरा और अंग्रेज़ी तथा फ्रेंच में पत्राचार किया ताकि उन्हें प्रस्तावित परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी जा सके।
- LHINs स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल की योजना बनाते है, उसे एकीकृत करते हैं तथा धन देते है और इस प्रकार रोगी की पहुंच तथा अनुभव बेहतर बनाते हैं।
- नया कानून, यदि पारित हो जाता है, अन्य कानूनों के अतिरिक्त पुराने लोकल हैल्थ सिस्टम इंटैग्रेशन एक्ट 2006 तथा होम केयर एंड कम्युनिटी सर्विसिज़ एक्ट 1994 का स्थान ले लेगा।
- यदि नया कानून पारित हो जाता है तो इस *पेशेंट्स फर्स्ट कानून* की पहली समीक्षा तीन वर्ष में शुरू होगी।

अधिक जानकारी प्राप्त करें

Patients First: Reporting Back on the Proposal to Strengthen Patient-Centred Health Care in Ontario (पेशेंट्स फर्स्ट: ओंटेरियो में रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल को अधिक मज़बूत बनाने के प्रस्ताव के बारे में विवरण प्रस्तुत करना)

Patients First: A Proposal to Strengthen Patient-Centred Health Care in Ontario (पेशेंट्स फर्स्ट: पेशेंट्स फर्स्ट: ओंटेरियो में रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल को अधिक मज़बूत बनाने का प्रस्ताव)

Patients First: Action Plan for Health Care -- Year One Results (पेशेंट्स फर्स्ट: स्वास्थ्य देखभाल के लिए कार्य योजना -- पहले वर्ष के परिणाम)

Patients First: Action Plan for Health Care (पेशेंट्स फर्स्ट: स्वास्थ्य देखभाल के लिए कार्य योजना)

Local Health Integration Networks (स्थानीय स्वास्थ्य एकीकरण नेटवर्क)

सार्वजनिक पूछताछ के लिए सर्विस-ऑंटेरियो की जानकारी लाइन को 1-866-532-3161 पर कॉल करें (केवल ऑंटेरियो में टॉल-फ्री)

Shae Greenfield, मंत्री का कार्यालय, 416-325-5230
David Jensen, स्वास्थ्य तथा दीर्घ-कालीन देखभाल
416-314-6197

ontario.ca/health-news

Disponible en français